**हिन्दी प्रादेशिक समाचार**

**आकाशवाणी चंडीगढ़**

**(तिथि 26 अगस्त 2025, समय 1810 (10 मिनट)**

**सबसे पहले पेश हैं मुख्य समाचार :-**

1. प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने आज गुजरात में टीडीएस लिथियम आयन बैटरी संयंत्र में हाईब्रिड बैटरी इलेक्ट्रोड के उत्पादन का शुभारंभ किया।

2. श्री मोदी ने कहा कि आज भारत की मेक इन इंडिया यात्रा में नया अध्याय जुड़ा है।

3. हरियाणा विधानसभा में आज हरियाणा माल और सेवा का संशोधन विधेयक सहित तीन विधेयक पारित किए गए।

4. मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी ने पूर्व मुख्यमंत्री स्वर्गीय चौधरी बंसीलाल की जयंती पर उन्हें श्रद्धांजलि अर्पित की।

5. आज राष्ट्रीय कृमि मुक्ति दिवस मनाया गया। हरियाणा में यह अभियान 2 सितम्बर तक चलेगा।

*******************************************************************

प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने आज गुजरात में टीडीएस लिथियम आयन बैटरी संयंत्र में हाईब्रिड बैटरी इलेक्ट्रोड के उत्पादन का शुभारंभ किया। प्रधानमंत्री ने कहा कि आज भारत की मेक इन इंडिया और मेक फॉर द वर्ल्ड यात्रा में एक नया अध्याय जुड़ा है।

**1-पी एम -मोदी -सुजुकी**

**<u>आज से भारत में बने इक्ट्रिक व्हीकल्स सौ देशों को एक्सपोर्ट किए जाएंगे। साथ ही आज हाइब्रिड बैटरी इलेक्ट्रोड मैन्युफैक्चरिंग भी स्टार्ट हो रही है। आज का ये दिन भारत और जापान की फ्रेंडशिप को भी नया आयाम दे रहा है। मैं सभी देशवासियों को जापान को सूज़ूकी कंपनी को बधाई देता हूं।</u>**

श्री मोदी ने कहा कि भारत के पास लोकतंत्र की ताकत है, काम करने वाले युवाओं की संख्या अधिक है और बडी संख्या में कुशल कामगार भी हैं।

**2-पी एम -मेक इन इंडिया**

**भारत के पास डेमोक्रेसी की शक्ति है और भारत के पास डेमोग्राफी का एडवान्टेज है हमारे पास, इसलिए कि हमारे हर पार्टनर के लिए भिन्न-भिन्न सिचवेशन बनाता है। मारुति सूज़ूकी जैसी कंपनियां मेक इन इंडिया की ब्रांड एम्बेसडर बन चुकी हैं।**

इससे पहले प्रधानमंत्री मोदी ने आज गुजरात के हंसलपुर से मेड इन इंडिया बैटरी इलेक्ट्रिक वाहन ई-विटारा को झंडी दिखाई।

*******************************************************************

हरियाणा विधानसभा में आज तीन विधेयक पारित किए गए। इनमें हरियाणा माल और सेवा कर –संशोधन- विधेयक, 2025, हरियाणा विनियोग -संख्या 3- विधेयक, 2025 तथा हरियाणा नगरपालिका क्षेत्रों के बाहरी क्षेत्रों में अपूर्ण नागरिक सुख सुविधाओं तथा अवसंरचना का प्रबंधन -विशेष उपबंध- संशोधन विधेयक, 2025 शामिल हैं।

हमारे संवाददाता ने बताया है हरियाणा नगरपालिका क्षेत्रों के बाहरी क्षेत्रों में अपूर्ण नागरिक सुखसुविधाओं तथा अवसंरचना का प्रबंधन -विशेष उपबंध- अधिनियम, 2021 में संशोधन राज्य में विकसित अनधिकृत औद्योगिक प्रतिष्ठानों को बुनियादी नागरिक सुविधाएं और बुनियादी ढांचा प्रदान करने के लिए किया गया है।

*******************************************************************

मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी ने हरियाणा विधानसभा में प्रदेश के पूर्व मुख्यमंत्री एवं विकास पुरुष स्वर्गीय चौधरी बंसीलाल की जयंती पर सदन में उन्हें भावभीनी श्रद्धांजलि अर्पित की।

मुख्यमंत्री ने कहा कि चौधरी बंसीलाल सात बार विधायक बने और चार बार मुख्यमंत्री रहे और लगभग 11 वर्षों से अधिक समय तक उन्होंने प्रदेश का नेतृत्व किया। उन्होंने हरियाणा के चहुँमुखी विकास को सुनिश्चित किया इसलिए उन्हें विकास पुरुष कहा जाता है।

वो तीन बार लोकसभा और दो बार राज्यसभा के सदस्य रहे। केंद्र सरकार में भी उन्होंने रक्षा, परिवहन और रेलवे मंत्रालय जैसे महत्वपूर्ण मंत्रालयों की जिम्मेदारी संभाली।

*******************************************************************

हरियाणा के कृषि एवं किसान कल्याण मंत्री श्याम सिंह राणा ने कहा कि राज्य सरकार "साउथर्न राइस ब्लैक-स्ट्रीकड ड्वार्फ वायरस"( ‘Southern Rice Black-Streaked Dwarf Virus’ ) को लेकर सचेत है। कृषि वैज्ञानिक इस पर निगरानी कर रहे हैं और किसानों को जागरूक किया जा रहा है। उन्होंने बताया कि जैविक खेती और धन की सीधी बिजाई में इस वायरस से नुकसान की कोई सूचना नहीं है।

कृषि मंत्री आज विधानसभा सत्र के दौरान सदन में कुछ सदस्यों द्वारा लाए गए ध्यानाकर्षण प्रस्ताव का जवाब दे रहे थे। उन्होंने बताया कि कृषि विश्वविद्यालय के वैज्ञानिकों और कृषि विभाग के अधिकारियों ने विस्तृत सर्वेक्षण किया है। यह समस्या मुख्यतः उन खेतों में अधिक देखी गई जहां किसान 25 जून से पहले धान की रोपाई कर चुके थे। कृषि मंत्री ने बताया कृषि विभाग ने न केवल किसानों को संक्रमित पौधों को हटाने की सलाह दी, बल्कि व्यापक जागरूकता अभियान भी चलाया।

*******************************************************************

आज राष्ट्रीय कृमि मुक्ति दिवस मनाया जा रहा है। हरियाणा के राष्ट्रीय स्वास्थ्य मिशन के निदेशक डॉ वीरेंद्र यादव ने आकाशवाणी समाचार को बताया कि सभी जिलों में 2सितंबर तक कृमि मुक्ति अभियान चलाया जाएगा। उन्होंने बताया –

**3- डॉ वीरेंद्र यादव-ए**

डॉ यादव ने बताया कि इस बार 1 से 19 वर्ष के लगभग 99 लाख बच्चों तथा 20 से 24 वर्ष की साढ़े सात लाख गर्भ धारण करने वाली महिलाओं को एलबेंडाजोल की गोली खिलाने का लक्ष्य रखा गया है।

**4- डॉ वीरेंद्र यादव-बी**

************************************************************************

राष्ट्रीय कृमि मुक्ति दिवस के अवसर पर आज अंबाला और पलवल में भी एक से 19 वर्ष तक के बच्चों को पेट के कीड़े मारने की गोलियां खिलाई गई। पलवल में उपायुक्त डॉ. हरीश कुमार वशिष्ठ ने कार्यक्रम का शुभारंभ किया। उन्होंने लोगों से कहा –

**5- डॉ. हरीश कुमार वशिष्ठ**

*******************************************************************